बिहार सरकार

<u>सहकारिता विभाग</u>

# आदेश

विभागीय संकल्प ज्ञापांक–2381 दिनांक–04.07.2019 द्वारा श्री विरेन्द्र कुमार, तत्कालीन महाप्रबंधक, आई0सी0डी0पी0–सह–जिला सहकारिता पदाधिकारी, औरंगाबाद सम्प्रति उप निबंधक, सहयोग समितियाँ, कार्यालय संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ के विरूद्ध संचालित अनुशासनिक कार्यवाही में मुख्य जाँच आयुक्त, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी एवं श्री विरेन्द्र ठाकुर, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पटना प्रमंडल, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। पुनः आदेश ज्ञापांक–3518 दिनांक–26.09.2019 द्वारा श्री मुकुल कुमार सिन्हा, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पटना प्रमंडल, पटना को श्री विरेन्द्र ठाकुर के स्थान पर प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया। तदोपरान्त विभागीय आदेश ज्ञापांक–2446 दिनांक–24.09.2020 द्वारा मो0 मुजीबुर्र रहमान, संयुक्त निबंधक (मु0), सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया था। पुनः आदेश ज्ञापांक–1323 दिनांक–23.05.2023 द्वारा श्री मनोज कुमार सिंह, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पटना प्रमंडल, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया। पुनः विभागीय आदेश ज्ञापांक–1833 दिनांक–13.07.2023 द्वारा श्री अभय झा, भा0प्र0से0, संयुक्त सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया। पुनः विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–2278 दिनांक–18.08.2023 द्वारा श्री अजय कुमार अलंकार, संयुक्त निबंधक (पणन), सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया। श्री अजय कुमार अलंकार के अभ्यावेदन के आलोक में श्री अमर कुमार झा, उप निबंधक(ईख), सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को अगले आदेश तक प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

2. श्री अमर कुमार झा की सेवा श्री प्रेम कुमार, माननीय अध्यक्ष, बिहार विधानसभा के आप्त सचिव के रूप में कार्य करने हेतु बिहार विधानसभा को सौंपा जा चुका है। अतएव उनके स्थान पर श्री शंभुसेन कुमार, संयुक्त निबंधक, स0स0, बिहार, पटना को इस अनुशासनिक कार्यवाही का प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

2. वर्त्तमान में श्री पंकज कुमार (भा0प्र0से0), प्रधान सचिव–सह–जाँच आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना उक्त अनुशासनिक कार्यवाही के संचालन पदाधिकारी हैं।

3. संकल्प ज्ञापांक–2381 दिनांक–04.07.2019 के शेष बिन्दु यथावत रहेंगे।

ह0/–
**(कुमारी आरती)**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक ................................./पटना, दिनांक ..............................
08/नि0को0(रा0)विभागीय–711/2022

प्रतिलिपिः–मुख्य जाँच आयुक्त, बिहार, पटना/ श्री अमर कुमार झा, आप्त सचिव, माननीय अध्यक्ष, विधानसभा/श्री शंभुसेन कुमार, संयुक्त निबंधक, स0स0, बिहार, पटना (अभिलेख के साथ)/ श्री विरेन्द्र कुमार, तत्कालीन महाप्रबंधक, आई0सी0डी0पी0–सह–जिला सहकारिता पदाधिकारी, औरंगाबाद सम्प्रति उप निबंधक, सहयोग समितियाँ, कार्यालय संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक 3386/पटना, दिनांक 22/06/26
08/नि0को0(रा0)विभागीय–711/2022

प्रतिलिपिः–लोक सूचना पदाधिकारी, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/~~आई0टी0~~प्रबंधक, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/06/26
विशेष कार्य पदाधिकारी।

F:\section-8\order-birendra kumar-03-06-2024.docx